# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय
## लखनऊ-226007

पत्रांक ......................

दिनांक ......................

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय (लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व रायबरेली) लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

महोदय / महोदया,

सूच्य है कि लखनऊ विश्वविद्यालय के सहयुक्त महाविद्यालयों में केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली के माध्यम से सत्र 2022–23 में प्रवेश कराये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। केन्द्रीयकृत प्रणाली योजनान्तर्गत विश्वविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय के साथ ही साथ सहयुक्त महाविद्यालयों (लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर व खीरी) में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश का कार्य सम्पादित करायेगा। अतएव लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय प्रवेश सहभागिता शुल्क जमा करके अपने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों का प्रवेश लखनऊ विश्वविद्यालय की केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से ले सकते है।

अतः सहयुक्त महाविद्यालय अपने महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली के माध्यम से कराना चाहते है, वे पाठ्यक्रमों के विवरण, सम्बन्धित सहभागिता शुल्क आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से जमा कर निर्धारित प्रारूप पर आवेदन ई–मेल "lucentralizedadmissions2022@gmail.com" पर दिनांक 15.06.2022 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें। सामान्य एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के प्रवेश सहभागिता शुल्क का विवरण तथा प्रारूप संलग्न है।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या R/781/22 दिनांक 31/05/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2–समस्त अधिष्ठाता, ल0वि0वि0।
3–अधिष्ठाता,छात्र कल्याण, ल0वि0वि0।
4–अधिष्ठाता, प्रवेश, ल0वि0वि0।
5–समन्वयक–प्रवेश, ल0वि0वि0।
6–इंचार्ज, नवीन परिसर, ल0वि0वि0।
7–समस्त निदेशक / समन्वयक, ल0वि0वि0।
8–कुलानुशासक, ल0वि0वि0।
9–इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0, को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने एंव विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
10–अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0वि0।

कुलसचिव